विद्युत आपूर्ति को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

स्वामी विवेकानन्द नगर 33/11 केवी जीएसएस का शिलान्यास किया गया है।

- स्वामी विवेकानंद नगर में 33/11 केवी जीएसएस का शिलान्यास
- ऊर्जा एवं शिक्षा मंत्री ने किया शिलान्यास

कोटा, (निसं)। नए कोटा शहर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से जयपुर डिस्कॉम की फ्रेंचाइजी कंपनी कोटा इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (केईडीएल) द्वारा स्वामी विवेकानंद नगर में नवीन 33/11 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) की आधारशिला शनिवार को रखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर तथा अध्यक्षता शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने की। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन एवं नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जीएसएस का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया।

प्रदेश सरकार हर घर, हर किसान को बिजली पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध-ऊर्जा मंत्री-अपने संबोधन में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि हाड़ौती क्षेत्र बिजली उत्पादन में अग्रणी है, फिर भी कोटा शहर में बिजली संकट पूर्ववर्ती सरकार की लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कोटा शहर की जनसंख्या एवं घनत्व को देखते हुए अभी और नए 33 केवी जीएसएस की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा में सुभाष नगर के लिए 132 केवी जीएसएस की भी घोषणा की गई है जिसके लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। जिसका कार्य जल्द से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद नगर में बन रहे इस जीएसएस से लगभग 5,500 लोगों को लाभ मिलेगा। क्षेत्र में कम वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या के समाधान के लिए यह जीएसएस एक कारगर कदम होगा।

शिक्षा मंत्री बोले, निर्बाध बिजली से निखरेगा छात्रों का भविष्य-शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद नगर क्षेत्र में जीएसएस की स्थापना से आमजन को राहत मिलेगी और छात्रों को निर्बाध रूप से अध्ययन के लिए बिजली उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और ऊर्जा दोनों समाज को आलोकित करने वाले स्तंभ हैं और इनकी सुदृढ़ता से युवाओं का भविष्य उज्ज्वल होता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि इस विधेयक के माध्यम से वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़े, जवाबदेही सुनिश्चित हो और मुस्लिम समुदाय की महिलाएं सशक्त बनें।

मधुमक्खियों के हमले से परीक्षार्थी घायल

बून्दी। सर्वोदय टीटी कॉलेज में शनिवार सुबह जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा देने गए कुछ परीक्षार्थी अचानक हुए मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गए। इनमें से कुछ का अस्पताल में इलाज करवाना पड़ा। वहीं, अधिकतर ने जैसे-तैसे कर परीक्षा दी। ऐसी ही एक परीक्षार्थी लीलेड़ा व्यासान निवासी सोनिया गुर्जर का जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में इलाज जारी है। सोनिया ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र के भीतर प्रवेश करने के लिए सुबह लाइन में लगे हुए थे। तभी मधुमक्खियों के झुंड ने इन पर हमला कर दिया। जब यह घटना हुई उस समय अधिकांश परीक्षार्थी अंदर प्रवेश कर चुके थे। बाहर सोनिया सहित दो दर्जन से अधिक परीक्षार्थी लाइन में थे। ये सभी मधुमक्खियों के हमले की चपेट में आ गए। यही नहीं, मौके पर मौजूद परीक्षकों को भी मधुमक्खियों ने डंक मारे। इस घटना में सोनिया की तबीयत अधिक खराब हो जाने से उसे जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर, एएसपी उमा शर्मा, सदर थानाधिकारी रमेश आर्य मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

सार-समाचार

हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

कोटा, (निसं)। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ डीसीएम स्थित बालाजी मंदिर से हुआ। इससे पहले गौकर्ण गौसेवक समिति की ओर से गजेंद्र व्यास, विश्व हिंदू परिषद कोटा महानगर अध्यक्ष श्रीनाथ मित्तल, जिनेन्द्र जैन, मुकेश शर्मा, पंकज जैन एवं डीसीएम गद्दीपति मनीषा दीदी को साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर कंसुआ, एसएफएस चौराहा, पावर हाउस, डीसीएम मुख्य बाजार होते हुए पुनः बालाजी मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान विभिन्न अखाड़ों द्वारा प्रस्तुत की गई कलाओं और झांकियों ने जनसमूह का मन मोह लिया। रथों पर भगवान शंकर, श्रीराम, सीता माता एवं बजरंगबली की मनोहारी झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। गर्मी को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेंस और चिकित्सा कर्मियों की व्यवस्था की गई थी।

यात्री को पर्स लौटाया

कोटा, (निसं)। रेल कर्मचारी अपनी ड्यूटी के साथ कई बार जनसरोकार से जुड़े कार्य एवं ईमानदारीपूर्ण कार्य कर रेल की छवि को प्रखर करने कार्य करते है। इसी कड़ी में कोटा स्टेशन पर शुक्रवार शाम 6.10 बजे गाड़ी संख्या 12218 केरला सम्पर्क क्रांति से जाने वाले यात्री मोती लाल बैरवा अपनी बीमार पत्नी के लिए व्हील चेयर लेने प्रधान टिकट संग्राहक कार्यालय में आये तो आईडी जमा कराते समय अपना पर्स वहीं भूल कर प्लेटफार्म नम्बर 2 पर चले गए। रेल कर्मचारियों ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए ड्यूटी पर कार्यरत चेकिंग स्टाफ मंजू शर्मा, सलोनी शर्मा, गयासुद्दीन द्वारा उप प्रभारी दीपक शर्मा की उपस्थिति में अनाउंसमेंट द्वारा यात्री को बुला कर यात्री का 8,000 रूपये कैश से भरा पर्स वापस किया गया। यात्री ने अपना पर्स वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए रेल प्रसाशन एवं कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

परिंडा अभियान की शुरुआत

कोटा, (निसं)। पंजाबी खत्री सभा कोटा द्वारा शनिवार को दादाबाड़ी स्थित रेंडील पार्क में परिंडा अभियान की शुरुआत की गई। सभा के अध्यक्ष नयन कालरा ने इस मौके पर घोषणा की कि कोटा शहर में इस अभियान के तहत पक्षियों को गर्मी के मौसम में पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पार्कों, मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जहां-जहां आवश्यकता होगी, वहां स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर निरूशुल्क परिंडे बांधे जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक शुरुआत है और समाज इसे एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप देने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर सांस्कृतिक मंत्री नवीन खत्री और सचिव नीरज विज ने जानकारी दी कि इस सामाजिक पहल में शामिल सभी सदस्यों ने नियमित रूप से परिंडो को पानी से भरने का संकल्प लिया है, जिससे गर्मी के दौरान पक्षियों को राहत मिल सके।

परीक्षा दो पारियों में हुई

कोटा, (निसं)। कर्मचारी चयन बोर्ड की जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई, परीक्षा के लिये 58 परीक्षा केन्द्र बनाये गये। पहली पारी सुबह 10 बजे से 12 बजे तक व दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केन्द्रो में सीसीटीवी, बायोमेट्रिक, फेस स्कैनिंग, वीडीयोग्राफी, मेटल डिटेक्टर से अभ्यार्थीयों की चैकिंग के बाद सेन्टर में एंट्री दी गई। परीक्षा केन्द्रो पर काफी सख्ती देखने को मिली पुरूष अभ्यार्थियों की पेंट की जिप और हुक को भी हटवाया गया जिसको लेकर परीक्षार्थी काफी परेशान दिखे। अभ्यार्थी आस-पास की दुकानों पर भागते हुए नजर आये। परीक्षा पर निगरानी के लिये 1800 कर्मचारियों को लगाया गया साथ ही 10 उड़नदस्ते भी बनाये गये। परीक्षा देने पहुंची महिला अभ्यार्थियो को भी खासा परेशानीयों का सामना करना पड़ा। इस परीक्षा में 17832 अभ्यार्थी रजिस्टर्ड है। एक केन्द्र पर दो अभ्यार्थी के लेट होने पर उन्हे केन्द्रो में प्रवेश नही करने दिया।

हनुमान जी जन्मोत्सव मनाया

मांगरोल (निसं) स्थानीय कस्बे में पूर्णिमा के पावन पर्व पर शनिवार रात्रि को हनुमान महाराज का जन्मोत्सव रंगबाडी बालाजी धाम मांगरोल में सुंदरकांड पाठ के साथ मनाया गया ।जहां सुंदर सुंदर भगवान के भजन जय श्री राम के जयकारे लगाए गए मंदिर की सजावट नगर के भक्त जनों द्वारा की गई वहीं नगर में नंदघाट बालाजी ,जौघाट बालाजी, अमरपुरा बालाजी ,कुंज चौक बालाजी ,सोरती बावडी के बालाजी ,वेंकटेश्वर बालाजी महाराज मउ धाम पर इन सभी स्थान पर बालाजी महाराज का जन्मोत्सव सभी भक्तों ने रामायण पाठ और हनुमान चालीसा पाठ करके मनाया गया वहीं संध्याकाल में बालाजी महाराज की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया ।

रक्तदाता सम्मान समारोह आज

कोटा, (निसं)। सेवा और समर्पण की मिसाल पेश कर रही कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी अपनी स्थापना के 28 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन कर रही है। यह समारोह सोसाइटी परिसर, बसंत विहार, कोटा में आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड के मैन्युफैक्चरिंग हेड अजय टायल करेंगे।

शीतल जल मंदिर का शुभारम्भ

बून्दी। रानी रोहिणी कुमारी राजपूत महिला फाउंडेशन की ओर से शनिवार को ईश्वरी निवास के बाहर वैशाख मास में शीतल जल की प्याऊ का शुभारम्भ किया गया। इसका शुभारम्भ फाउंडेशन की अध्यक्ष रानी रोहिणी कुमारी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर रानी रोहिणी कुमारी ने कहा कि प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना मानव का सच्चा धर्म है। यह बहुत पुण्य का कार्य है। वैशाख मास में इस पुण्य कार्य से लोगों को आरओ फिल्टर शीतल जल मिलेगा।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 13 को

बून्दी। राज्य कर्मचारियों पेंशनर्स तथा जरुरतमंद रोगियों के लिए अठावाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल द्वारा 13 अप्रैल रविवार को अठावाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल खोजा गेट रोड पर निःशुल्क नेत्र रोग जांच एवं ऑपरेशन परामर्श शिविर प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जायगा। शिविर में राज्य सरकारी कर्मचारियों व आरजीएचएस कार्ड धारक का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन होगा। शिविर में मुख्य नेत्र विशेषज्ञ व रिफ्रैक्टिव सर्जन डॉ. संजय गुप्ता पेंशनर्स व नेत्र रोगियों को निःशुल्क परामर्श देंगे व टोपिकल फेको पद्धित द्वारा बिना सुई बिना टांके व बिना पट्टी के मोतियाबिंद ऑपरेशन व फोल्डेबल लेंस प्रत्यारोपण करेंगे। संस्थान के प्रबंधक जयसिंह सोलंकी ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद, काला पानी, नाखूना, नासूर, भेंगापन, मूंदी पलके, आंखों की एलर्जी, ड्राई आई, बच्चों में होने वाला मोतियाबिंद, बच्चो का नासूर, दृष्टिदोष चोट के पश्चात बनने वाला मोतियाबिंद, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से होने वाली परदे की बीमारियों आदि समस्त रोगों की जांच व उपचार किया जायेगा।

पंच परिवार प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन

छबड़ा। अखिल भारतीय कौशिक गायत्री परिवार शंकर कॉलोनी (चांचौड़ा) द्वारा यज्ञदत्त हाड़ा प्रधान संचालक कोटा, युवाचार्य युधिष्ठर सिंह कौशिक गायत्री आश्रम बोरखेड़ा कोटा, यज्ञ आचार्य पण्डित राजेन्द्र प्रसाद शर्मा भीलवाड़ा नीचा, देवाचार्य जितेश शर्मा उज्जैन के मार्गदर्शन में 11 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ एवं शिव पंच परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक हनुमानजी के संरक्षण में भव्य आयोजन किया जा रहा है।

सेवानिवृत व्याख्याता अशोक कुमार भार्गव के अनुसार 10 अप्रैल से गणेश पूजन, जल यात्रा, विमान आगमन, देव पूजन, मण्डप प्रवेश, अग्नि स्थापना से यज्ञ की शुरुआत हुई।

11 अप्रैल को सर्वदेव पूजन, हवन जलाधिवास,12 अप्रैल को पूर्णिमा शनिवार को सर्वदेव पूजन, हवन, पत्रादि, पुष्पाधिवास, फलाधिवास हुआ। 13 अप्रैल रविवार को सर्वदेव पूजन, हवन, धृतादिवास, शंकराधिवास एवं अन्नादिवास के साथ 14 अप्रैल को महाभिषेक, हवन, वस्त्राधिवास, प्राणप्रतिष्ठा, प्राणिठाहण संस्कार, अचल प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण होगा।

शनिवार को सीआई राजेश खटाना, सेवानिवृत पूर्व सीबीईओ प्रेमसिंह मीणा ने धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। यहां सेवानिवृत व्याख्याता शंकरलाल नागर आदि मौजूद थे।

अभिनन्दन समारोह आज

कोटा, (निसं)। मीडिया काउन्सिल ऑफ जर्नलिस्ट्स राजस्थान द्वारा आगामी 13 अप्रैल को स्नेह मिलन एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शिव ज्योति स्कूल, श्रीनाथपुरम के ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर पत्रकारिता जगत के प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा और मीडिया काउन्सिल के नए सदस्यों का स्वागत किया जाएगा।

संयोजक मनोहर पारीक ने बताया कि समारोह में राजस्थान रेड क्रॉस सोसाइटी के स्टेट चैयरमेन राजेश बिरला मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

वसुन्धरा राजे ने उत्तर भारत के तीसरे बड़े रनवे वाले झालावाड़ एयरपोर्ट से भरी उड़ान

झालावाड़ का पंडित दीन दयाल उपाध्याय एयरपोर्ट बनकर तैयार होने पर वसुधरा राजे व दुष्यंत सिंह ने उडान भरी ।

झालावाड़ (निस)। झालावाड़ का पंडित दीन दयाल उपाध्याय एयरपोर्ट बनकर तैयार है । पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे व सांसद दुष्यंत सिंह ने शनिवार को इस एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरी । उड़ान के लिए हनुमान जयंती का अवसर चुना गया क्योंकि हनुमान जी को पवन के वेग से भी तेज उड़ने में महारत हासिल थी। उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट का रनवे 3 हजार 120 मीटर लंबा है, जहाँ बोइंग 747 जैसे जंबोजेट भी आसानी से उतर सकते है। इतना लंबा रनवे झालावाड़ एयरपोर्ट के अलावा सिर्फ़ उत्तर भारत के जालंधर तथा कुशीनगर जैसे बड़े शहरों में ही है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारे ड्रीम प्रोजेक्ट झालावाड़ एयरपोर्ट से पहली उड़ान भर कर अभिभूत हूँ। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त करती हूं। उन्होंने कहा यातायात के लिए चार मार्ग होते है। सड़क, रेल, हवाई और जल मार्ग। जब मैं पहली बार यहां से सांसद बनी, तब इस क्षेत्र में सड़क मार्ग बहुत कम थे और जो थे वह भी दुरुस्त नहीं थे। रेल और हवाई सेवा भी है। अगर यहां समुद्र होता तो क्रूज़ जहाज़ भी चल जाता। इस दौरान मनोहरथाना विधायक गोविन्द रानीपुरिया, डग विधायक कालूराम , अन्ता बारां विधायक कंवरलाल मीणा, आरपीएससी के पूर्व चैयरमेन श्याम सुन्दर शर्मा, जिला कलक्टर अजय सिंह ड, पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन ', पूर्व जिलाध्यक्ष संजय , नगर परिषद् सभापति संजय , उप सभापति प्रदीप सिंह राजावत, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल , रंजिता , मंडल अध्यक्ष चन्द्रमोहन धाभाई सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। सुलतानपुर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए साईबर ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 5 अप्रैल को फरियादी धीरज गौतम ने थाने पर रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि प्रिया फ्रोम चेन्नई ने मुझे मैसेज कर कंपनी का प्लान बताया और कहा कि आप हमारी कंपनी में काम करों हम आपको मोटा मुनाफा देंगे। इस पर बातों में आ गया पर बाद में पता चला कि उसके साथ 1531476/- रूपये की साईबर ठगी हो गई है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया और मामले में आरोपियों की तलाश के लिये पुलिस उपअधीक्षक शिवम जोशी के निर्देशन में थानाधिकारी सत्यनारायण मालव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी आधार पर कार्यवाही करते हुए अजमेर निवासी मंयक कुमार (28) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

50 से अधिक रक्तदाताओं ने दिया रक्त

बूंदी। श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज श्री मालनमासी बालाजी मित्र मंडल सेवा समिति, सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा मालन मासी बालाजी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए यह रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ।

मित्र मंडल सेवा समिति अध्यक्ष बंटी गौतम, समाजसेवी भरत शर्मा ने बताया यह रक्तदान शिविर प्रतिवर्ष मंदिर परिसर में लगाया जाएगा। बजरंगबली के जन्मोत्सव पर दिनभर धार्मिक कार्यक्रम चलें। शहर के युवा साथी, मातृशक्ति भी रक्तदान शिविर में सक्रिय रही।

हनुमान जन्मोत्सव पर हुए इस शिविर में 150 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया, जिसे पं. बृज सुंदर सामान्य चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संठाहण किया।

आयोजन से जुड़े बृजेष गौतम ने बताया कि रक्तदान शिविर के बाद मालनमासी बालाजी मंदिर में रात्रि को भजन संध्या में पवनपुत्र हनुमानजी के संगीतमयी भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर सामूहिक महाआरती भी की गई। रक्तदान शिविर में टिल्लू नुवाल, शांतिलाल जैन, जगदीश गुप्ता, ऋषभ जैन, महावीर सैनी, सुरेश श्रृंगी, लोकेश श्रृंगी, मनीष शर्मा, हरिओम, मुकेश जैन, चेतन पंचोली, मनीष शर्मा, दीपक पंचोली, महेश मोदी, श्यामलाल यादव, राजू, मुकेश श्रृंगी, शालिनी विजय, शिवानी, अनीता गौतम, सपना मोदी, ललित गौतम, सुनीता मोदी, लीला सोमानी, विमला साहू, संतोष ओझा, रुक्मणी जाजू, मेनका जाजू, मित्र मंडल सेवा समिति सदस्य मौजूद रहे।

एलन का निशुल्क नीट नेशनल मॉक टेस्ट 20 अप्रैल को

कोटा, (निसं)। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 4 मई को आयोजित होने जा रही है। इस बडी परीक्षा से पहले नेशनल लेवल पर सेल्फ एनालिसिस के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से देशभर के स्टूडेंट्स के लिए निशुल्क नीट नेशनल मॉक मेजर टेस्ट 20 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। यह टेस्ट ओपन फॉर आल होगा, जिसमें एलन स्टूडेंट्स के साथ देश के अन्य स्टूडेंट्स भी नि शुल्क शामिल हो सकेंगे। देश के स्टूडेंट्स की नीट परीक्षा की तैयारी को परखने के लिए एलन की ओर से यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा पूरे देश में एलन के देश में 65 शहरों में 285 से अधिक क्लासरूम कैम्पस तथा 400 से अधिक एग्जामिनेशन सेंटर्स पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा 20 अप्रैल, रविवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। एलन की ओर से आयोजित इस परीक्षा में एलन से बाहर के अन्य स्टूडेंट्स भी नि शुल्क शामिल हो सकेंगे।

प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 सम्पन्न

बूंदी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,जयपुर के निर्देशों के क्रम में प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 दिनांक 12 अप्रेल 2025 को बून्दी जिला मुख्यालय पर निर्धारित कुल 20 परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में आयोजित हुई। प्रथम पारी प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित हुई जिसमें जिले में कुल 7008 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 5936 उपस्थित एवं 1072 अनुपस्थित रहें। उपस्थिति का प्रतिशत 84.70 रहा। द्वितीय पारी दोपहर 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित हुई जिसमें 7008 परीक्षार्थी पंजीकृत थे एवं 5994 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 1014 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। उपस्थित का प्रतिशत 85.53 रहा।

परीक्षा केंद्र सर्वोदय टीटी कॉलेज मातुन्दा कैनाल रोड बून्दी में प्रथम पारी में परीक्षार्थियों के प्रवेश के दौरान मधुक्खियों के झुंड ने परीक्षार्थियों के ऊपर हमला बोल दिया। घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मधुमक्खियों के झुंड ने लगभग 30 परीक्षार्थियों के डंक मार दिए।

सूचना पर बूंदी प्रशासन ने तुरंत मेडिकल टीम बुलाई व परीक्षार्थियों का प्राथमिक उपचार कराया। सूचना पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने तत्काल परीक्षा केंद्र का दौरा किया एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मधुमक्खियों के हमलें से परीक्षा प्रारंभ होने के लगभग 1 घंटे पश्चात परीक्षार्थी सोनिया गुर्जर की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया,जहां भर्ती कर इलाज शुरू किया।

सूचना मिलने पर युवती के पिता हरिप्रकाश गुर्जर भी अस्पताल आए। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में परीक्षा सुचारू एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा अंबेडकर सर्किल

बूंदी। पूरे भारत में संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में जगह जगह पर बाबा साहब की स्मृतियों में प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और अनुयायियों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने के संदेश दिए जाते हैं। लेकिन उन संदेशों और शिक्षाओं पर अमल करने की बात औपचारिकता मात्र होती है। इस बार भाजपा द्वारा इसे सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है जो 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलेगा।

बाबा साहब की जन्म जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम मात्र औपचारिकता नहीं होती तो लंका गेट के बाहर स्थित अंबेडकर सर्किल अपनी बदहाली पर आंसू नहीं बहा रहा होता। एक तरफ चौराहे के मध्य सर्किल में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा मौजुद है, वहीं चौराहे के चारों तरफ स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण सहित गंदगी के ढेर लगे हुए है। प्रतिमा पर बने सर्किल की टूटी हुई रैलिंग और रैलिंग पर सूखें हुए कपडे इसकी दुर्दशा को बयान करते है। सर्किल से लंकागेट की तरफ वाले रोड के दोनों तरफ 30 फीट से भी ज्यादा अतिक्रमण कर दुकानदारों ने अपना सामान फैला कर रखा है। वहीं पुरानी धानमंडी की ओर स्थित नालें की स्थिती नगर परिषद् के सफाई दस्तें की बेरूखी को बयान करती है। नाले में फैली गंदगी देख कर कोई भी कह सकता हैं कि नाले की सफाई कई महीनों से नहीं हुई है। जबकि नगर परिषद ने सफाई अभियान चला कर पूरे शहर को गंदगी मुक्त करने का दावा कर रही है। वहीं नाले के किनारे हो रहे अतिक्रमण भी इसकी सफाई में बाधक बने हुए है। वहीं क्षेत्रवासी दुकानदारों का कहना हैं कि चौराहे पर हो रहे अतिक्रमणों के चलते पक्की दुकाने दबी हुई नजर आती हैं। सिलोर रोड की तरफ कहीं बार जाम जैसे हालात बन जाते हैं। यहां यातायातकर्मियों की कमी भी और अतिक्रमण हादसों का कारण बने रहते है। कायाकल्प के नाम पर मिलते है कोरे आश्वासन इस सर्किल पर वर्ष में तीन बार अंबेडकर जयंति, परिनिर्वाण दिवस और संविधान दिवस पर प्रशासनिक और सामाजिक संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी जाती हैं, और कायाकल्प के बड़े बडे आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन वे सब समय निकलने के बाद हवा हवाई हो जाते हैं। रह जाता हैं तो आंसू बहाता अंबेडकर सर्किल, जो अपनी बदहाली के लिए प्रशासन और अपने अनुयायियों को कोसता रहता है। डॉ.भीमराव अंबेडकर कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बाबू लाल वर्मा बताते हैं।

निर्भीक होकर पत्रकार लिखता है, यही लोकतंत्र की ताकत है : ओम बिरला

ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिरकत की ।

कोटा, (निसं)। पत्रकार अपने लिए नहीं समाज के लिए जीते हैं, अपनी कलम से लिखते हैं और परिवार की भी चिंता नहीं करते, आपस में विचार विमर्श कर, सहमति और असहमति विचार दृष्टिकोण की भिन्नता भी होती है, एकमत जहां होगा यही लोकतंत्र की ताकत है। अधिकतर देश लोकतंत्र की ओर बढ़ रहे हैं, सजक प्रहरी के रूप में योगदान पत्रकार का होता है।

यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब का नव संवत्सर एवं होली मिलन समारोह के दौरान शनिवार को पुरुषार्थ भवन गोबरिया बावड़ी चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वंचित वर्ग की कई बातों को छोटे गांव का संवाददाता सरकार के बीच लाता है और शासन, प्रशासन में सुचित्रा रहती है, निर्भीक होकर पत्रकार लिखता है यही लोकतंत्र की ताकत है। अपने परिवार की भी चिंता नहीं करता, समाज के आम आदमी की आवाज पत्रकार बने, जीवन सि अमूल्य समय उन्होंने इस पत्रकारिता में समाज सुधार के लिए दिए हैं, ओम बिरला ने कहा कि संसदीय क्षेत्र को पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर, विकास की दृष्टिकोण से किस तरह संयुक्त रूप से मिलकर आगे बढ़ा सकते हैं, समाज के साथ मिलकर किस तरह से संसदीय क्षेत्र को बेहतर बना सकते हैं, इस पर विचार होना चाहिए। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ने समस्याओं का त्वरित समाधान किए जाने की बात कही। बिरला ने कहा कि चन्द्रेसल आवासीय योजना का भी समाधान होगा। वही जो भी राज्य और केंद्र स्तर पर समस्याएं सामने आ रही है उनका समाधान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि पत्रकारों की समस्या का समाधान होना चाहिए, पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अवगत कराया और उनका आभार व्यक्त किया।

सर्किट हाउस की दोनों दीवारों पर दिखे हेरिटेज लुक

बून्दी। बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने जिला कलक्टर को पत्र लिख कर शहर की मुख्य सड़क कोटा रोड़ पर करवाए जा रहे सौंदर्यीकरण के लिए सुझाव प्रेषित किए। शहर के तीन बत्ती तिराहे पर रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से मोजूदा हायर सेकेंडरी की दिवार पर हेरिटेज लुक के कार्य को सराहनीस और स्वागत योग्य बताते हुए बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि हेरिटेज लुक का कार्य सर्किट हाउस तक दोनों साइड की दिवारों पर होना ज्यादा बेहतर होगा। साथ ही इन्होंने कहा कि इस दिवार का हेरिटेज लुक के लिए धनराशि पर्यटन विभाग या सरकार नहीं जुटा पा रही हैं तो यह राशि विधायक कोष या सासद कोष से खर्च किया जाना चाहिए। रेडक्रॉस सोसाइटी का फंड जनहितैषी कार्यों के लिए शर्मा ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया है।

पश्चिम मध्य रेल

कोटा मंडल-खुली निविदा सूचना

दिनांक 11.04.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि.मं.वि.इंजी (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद ई - निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम**-निविदा संख्या- ईएल/टीआरडी/50/01 (2025-26)-प्रोविजन ऑफ स्काडा अपग्रेडेशन टू लेटेस्ट आरडीएसओ स्पेक-134 विद फुल साइबर सिक्योरिटी अपग्रेड इन नागदा-मथुरा सेक्शन ऑफ कोटा डिवीजन। **कार्य की अनुमानित लागत-रूपये** 4,60,14,896.00/-, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय**-दिनांक 05/05/2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सके**-http://www.ireps.gov.in वरि.मं.वि.इंजी (क.वि.) कोटा प्रथम तल मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे., कोटा। ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेगें। निविदा दाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

वरि.मं.वि.इंजी (क.वि.) कोटा

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर